सुप्रभात

शुक्रवार 26.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 98

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म का दोषी करार

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद फरार आरोपी श्रवण कुमार महतो को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के मां के शिकायत पर बरवड्डा थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 22 मार्च 2023 को जब पीड़िता घर में अकेले थी तब श्रवण उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि श्रवण उसे बस से कोडरमा फिर वहां से भुवनेश्वर ले गया वहां उसके साथ जबरन मंदिर में शादी किया और दुष्कर्म किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 24 मार्च 23 को श्रवण के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान श्रवण फरार हो गया जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने उसे दोषी करार दिया। अभियोजन ने इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था।

### ओवरलोड कोयला लदा हाइवा पलटा, बाल-बाल बचे चालक-खलासी



**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र संख्या एक अंतर्गत मुराईडीह फीडर ब्रेकर से कोयला लेकर लिंक साईडिंग जा रहा एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में हाइवा के चालक एवं उप चालक बाल बाल बचे, जबकि हाइवा पर लदा कोयला बीच रोड में बिखर गया। बताते चले की फीडर ब्रेकर से कोयला लेकर हाइवा चालकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में लगे रहते हैं जिस कारण प्राय: यहाँ हाइवा से दुर्घटना होते रहती है, जिसमें जान माल की क्षति पहुँचती है। बताते हैं की हाइवा चालकों द्वारा सुरक्षा व ट्रांसपोर्टिंग में कंपनी के नियमों की घोर अवहेलना की जाती है. प्राय : तेज गति से चलने वाले एवं ओवरलोड तथा बिना तिरपाल ढक कर ये हाइवा दिन रात यहाँ चलते हैं. बराबर दुर्घटनाओं के बावजूद ट्रांसपोर्टर सचेत नहीं रहते हैं। दुर्घटनाओं के बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन अपना पल्ला झाड़ लेती है।

### शराब दुकान में चोरों ने 90 हजार कैस पर किया हाथ साफ



**धनबाद।** गुरुवार को चिरागोडा बीडीओ ऑफिस के आगे कंपोजिट शराब की दुकान में चोरों ने 90 हजार नगदी पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। दुकान के इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया की दुकान के सेल्समैन ने सुबह दुकान खोला। जब दुकान में ग्राहक आया शराब ली तो उसे पैसे लौटाना था। काउंटर खोला तो देखा की कैस काउंटर में पैसा ही नही है। उसके बाद दुकान के ऊपर जब देखा तो भेंटीलेटर उखड़ा हुआ था। छत के ऊपर भेंटीलेटर था, चोर छत से अंदर घुसा है।सेल्समैन ने दुकान इंचार्ज को यह बात बताई।

## कोयला मंत्री ने धनबाद के भू धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण

# राज्य सरकार से मिलकर रैयतों की समस्या का करेंगे समाधान

**कोयलांचल के लोगों की समस्याओं को सुनने धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला मंत्री**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी पहली बार गुरुवार को धनबाद पहुंचे। केंद्रीय मंत्री कोयलांचल में भू धंसान व भूमिगत आग से उतपन्न स्थिति से अवगत हुए। वे विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किये और सिजुआ कुसुण्डा क्षेत्र, झरिया, बेलगड़िया टाउनशिप, कमार्टांड़ टाउनशिप, बांसजोड़ा फायर एरिया का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि यहां के कर्मचारियों, रैयतों, विस्थापितो, कॉलोनीवासियों और ट्रेनिंग सेंटर में जाकर सभी से मिला हूं। जिसमें कई सारी बाते सामने आयी है। कही टाईटल होल्डर का मामला है, तो कहीं बिना भुगतान के जमीन अधिग्रहण कर उत्खनन की बात सामने आयी है। भू-धंसान, अग्नि प्रभावित तथा रोजगार का मुद्दा भी सामने आया है। इन सभी मामलो को लेकर बीसीसीएल और जिला प्रशासन के साथ बैठकर एक्शन प्लान तैयार किया जायेगा। प्रधानमंत्री को भी सभी बातों से अवगत कराउंगा। उसके अनुरूप लोगों की मांगों का स्थायी समाधान किया जायेगा। इसके अलावा हम राज्य सरकार से भी बात करेंग, उनसे लैण्ड रिकार्ड मांगा जायेगा। कोयला निकालने के लिए जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है, उसका असली मालिक कौन है, यह जानने के बाद भुगतान की प्रक्रिया में तेजी आयेगी। कोयला मंत्री ने बेलगड़िया और कमार्टांड़ टाउनशिप के बारे में बताया कि यहां केंद्र की स्कीम के तहत कॉलोनियां बनायी गई है। कुछ लोग रह भी रहे है। लेकिन यह स्कीम बीच में बंद हो गया। उसे फिर से शुरू किया जा रहा है। भारत सरकार सुरक्षित माइनिंग और लोगों के पुर्नवास को लेकर सभी तरह का सहयोग करने के लिए तैयार है। लेकिन राज्य सरकार को भी अपना रोल निभाना होगा। इससे पूर्व कोयला मंत्री, रांची से हेलिकॉप्टर से दोपहर को बरवाअड्डा हवाईअड्डा पहुंचे। जहां कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, डीसी माधवी मिश्रा सहित तमाम अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हवाई पट्टी पर गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद कोयला मंत्री अधिकारियों के साथ कोयला भवन रवाना हो गए। यहां पहुंच कर सबसे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर शहीद श्रमवीरों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पंचवटी इको पार्क में पौधारोपण किया।

### कोल इंडिया की सभी इकाइयों में पौधरोपण का काम शुरू

कोयला मंत्री इस कार्यक्रम के साथ आज कोल इंडिया की सभी इकाईयों में पौधा रोपण का कार्य शुरू हो गया। इसके बाद वे बांसजोड़ा में अग्निप्रभावित लोगों से मिले, उनकी समस्याएं सुनी। इसपर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें दूत बनकर आपलोगों के पास भेजा है, आपकी समस्याओं से उन्हें अवगत कराउंगा। बेलगड़ियां टाउनशिप में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने सुरंगा मौजा की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान लोगों का विरोध भी देखने को मिला। इसके बाद मंत्री ने डीसी और सांसद को संज्ञान में लेकर सकारात्मक पहल करने की बात कही। मौके पर कोयला सचिव अमृत लाल मीणा, सांसद ढुलू महतो, पूर्व सांसद पीएन सिंह उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना में रोड़ा बन रहा जाति प्रमाण पत्र और जमीन के कागजात



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के चांच पंचायत के ग्रामीणों के खाते में अबुआ आवास का पैसा नहीं आ पा रहा है। जाति प्रमाण पत्र व जमीन के कागजात इसके आड़े आ रहा है। गुरुवार को ग्रामीण एग्यारकुंड प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे। बीडीओ-सीओ से समस्या का समाधान की गुहार लगाने उनके कार्यालय गये, लेकिन दोनों कार्यालय में नहीं थे। फिर ग्रामीण उपप्रमुख विनोद दास से मिले और अपनी समस्या को बताया। महिलाओं ने कहा कि हर बार सरकार आपके द्वार कैंप लगाकर नया-नया सपना दिखाया जाता है। कैंप लगने के बाद राज्य सरकार कोई ध्यान नहीं देती है। अबुआ आवास की सूची में नाम आया तो जाति प्रमाण पत्र व जमीन का कागजात की मांग कर दी गयी। भाजपा एगारकुंड मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने कहा कि कैंप एक छलावा है। हेमंत सोरेन की सरकार जमींदारों की सरकार है। गरीब, दलित, शोषित, वंचित भूमिहीन आदिवासी परिवारों का ही पहले आवास बनना चाहिये, लेकिन ये परिवार ही इस योजना से वंचित रह जा रहे हैं। मौके पर भाजपा के रूस्तम पासवान, विजय केसरी, छोटन पासवान, गौतम पासवान, नेपाल महतो, रीना देवी, ललिता देवी आदि थे।

**एक नजर में**

### झरिया पुनर्वास की समस्या को लेकर रागनी सिंह ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की सदस्य रागनी सिंह ने आज केंद्रीय कोयला मंत्री श्री किशन रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में झरिया विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विस्थापितो के पुनर्वास एवं उनकी समस्याओं के निराकरण की विस्तृत चर्चा है। श्री किशन रेड्डी का ध्यान आकृष्ट करते हुए रागिनी सिंह ने कहा है कि झारखंड राज्य अंतर्गत धनबाद जिला के झरिया विधानसभा क्षेत्र में कई कोयला के खदानें हैं। जिस पर स्थानीय सहित अन्य राज्य के लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित भूमिगत खदानो में आग लगी हुई है। जिससे यहां के लोग विस्थापित और पलायन को मजबूर है। इस कारण स्थानीय आमजन की सुरक्षा हेतु उन्हें पुनर्वासित तो किया जा रहा हैं लेकिन उन्हें न्यायसंगत और नियमानुसार विस्थापित नही किया जा रहा है झरिया विधानसभा क्षेत्र में वर्षो से निर्वासित हो रहे हैं। उन्हें झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वास कराया जाए क्योंकि धनबाद जिला के बेलगढ़िया में विस्थापितों को बसाया जा रहा है जो स्थानीय आमजन और उनके पारिवारिक सदस्यों के लिए सुरक्षित नहीं है जिन स्थानों पर विस्थापितों को पुनर्वासित करने की योजना है। मंत्री श्री रेड्डी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इसकी रूपरेखा तैयार कर विभागीय निर्देश दिए जायेंगे।

### सांसद ढुल्लू महतो कोर्ट में नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं हुए। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित कर दी है। कुंती देवी के साथ मारपीट के मामले में आज मुकदमा अभियुक्तों के पुलिस पेपर के सप्लाई करने के लिए निर्धारित था सभी अभियुक्तों के हाजिर नहीं रहने के कारण पुलिस पेपर सप्लाई नहीं की जा सकी। वहीं मुकेश चंदानी से रंगदारी मांगने के मामले में आज अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया ।

## धनबाद स्टेशन से सात मोबाइल चोर धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रेल पुलिस ने धनबाद रेलवे जंक्शन से सात मोबाइल चोर को चोरी करते पकड़ा है। गुरुवार को प्रेस वार्ता कर रेल डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका एवं राजकीय रेल थाना प्रभारी धनबाद रंजीत कुमार ने यह जानकारी दी। रेल डीएसपी धीरेंद्र नारायण बांका ने बताया कि धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर में श्रावणी मेला को लेकर आने-जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल पुलिस अधीक्षक ने विशेष निगरानी रखने के लिए दिशा निर्देश जारी किया था। जिसको लेकर स्टेशन पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी बीच बुधवार को प्लेटफार्म पर ड्यूटी करने वाले पुलिस पदाधिकारी को देखकर अज्ञात लोग भागने लगे। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने कुल 7 लोगों को पकड़ा है। जिसकी तलाशी लेने पर लैपटॉप ,आईफोन मोबाइल, समेत कई अन्य सामान की बरामदगी हुई है। गिरफ्तार व्यक्तियों में सूरज कुमार वर्मा कतरास मोड़ झरिया, अरमान कुरेशी नया बाजार ईदगाह मस्जिद, सूरज सिंह भूली मोड़, मोहम्मद समीर खान बरईपुर 24 परगना पश्चिम बंगाल, रवि सिंह भूली मोड़, रवि कुमार गोपनापुर बलियापुर और सलामत गाजी तालही 24 परगना पश्चिम बंगाल शामिल है। पुलिस ने कई सामान बरामद किए वही डेल कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, माउस, एप्पल कंपनी का मोबाइल, उजाला रंग का चार्जर, वनप्लस कंपनी का मोबाइल एवं चार्जर, सैमसंग कंपनी का मोबाइल, जिओ फोन काला रंग का कीपैड, मोबाइल सैमसंग, कीपैड मोबाइल ब्लू रंग का, नोकिया कीपैड मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एसबीआई का कार्ड बरामद किया गया है।

### कोयला मंत्री के सामने सांसद के खिलाफ लगे नारे

**धनबाद।** बीसीसीएल सिजुआ एरिया 6 के बासजोड़ा में कोयला मंत्री जे किशन रेड्डी की आयोजित सभा में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।मंच पर सांसद समर्थक द्वारा डेको आउटसोर्सिंग कम्पनी में रैयतो के स्थान पर दूसरे लोगो को व गुंडा लोगो को नियोजन देने की बात कही। जिसके बाद मौके पर उपस्थित लोग उग्र होकर सांसद ढुलू महतो के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।सांसद को कोयला चोर का भी नारा लगाया। पुलिस, सीआईएसएफ ने हंगामा कर रहे लोगो को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर शांत कराया।

## फुसरो : कारगिल विजय दिवस पर निकाला गया मशाल जूलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** कारगिल विजय दिवस पर फुसरो बाजार के भुनेश्वर पेट्रोल पंप के समीप से भाजयुमो प्रदेश के निर्देश पर बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार के नेतृत्व में गुरुवार शाम को मशाल जूलूस निकाला गया. यह मशाल जूलूस फुसरो बाजार के भुनेश्वर पेट्रोल पंप के समीप से निकली जो फुसरो बाजार, बैंक मोड फुसरो, शहिद निर्मल महतो चौक होते हुए बेरमो प्रखंड कार्यालय स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुँची. इस दौरान लोगो ने भारत माता की जय, बीर शहीद अमर रहे, वंदे मातरम... आदि का नारा लगाया. इसके पश्चात लोगो ने कारगिल शहीदों को स्मारक स्थल पर पुष्प चढा एवं द्वीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे, जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि देश के जवानों ने कुर्बानियां दी है।

## संघ के नेताओं ने कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोल माईनिंग क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर गुरूवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कोयला मंत्री जे किशन रेड्डी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अवैध उत्खनन और कोयला चोरी पर अविलंब रोक लगाने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मेडिकल सुविधा देने तथा संवेदक बदले जाने के बाद भी कार्य आवंटित करने, विस्थापन और नियोजन की प्रक्रिया को सरल बनाने, कोयलांचल के बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए जमशेदपुर के तर्ज पर कार्य करने, सेवानिवृत कर्मियों के पेंशन में 30 प्रतिशत वृद्धि करने, केंद्रीय अस्पताल को सुपर स्पेशलीस्ट बनाने, अधिकारियों के तर्ज पर बीसीसीएल कर्मियों को एचआरए और डस्ट एलाउंस देने, सेवानिवृत कर्मियों को मार्च 2018 से बढ़ी हुई ग्रेच्यूटी का भुगतान करने की मांग शामिल है।

## विधायक ने दी झरिया को 8.10 करोड़ की सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आज झरिया के चतुर्दिक विकास के लिये आठ करोड़ रुपये से अधिक का तोहफा दिया। उन्होंने नारियल फोड़कर नवनिर्मित थाना भवनो, दामोदर जल संयंत्र के लिए अलग फीडर तथा ट्रॉली ट्रांसफार्मर का शुभ उद्घाटन किया।इस दौरान विधायक ने बताया कि झरिया तथा जोरापोखर में निर्मित पुराने भवन काफी जर्जर अवस्था में था।जिससे यहां के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को काफी असुविधा होती थी। साथ ही जामाडोबा विद्युत सब स्टेशन में झमाडा के दामोदर हेड वर्क्स, जामाडोबा जल संयंत्र को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु अलग 11 केवी का समर्पित फीडर स्थापित करने के कार्य भी पूरा कर आज जनता को समर्पित किया। विधानसभा के सत्र के दौरान बेहतर पुलिसिंग सुविधा हेतु मॉडल थाना भवन के निर्माण हेतु सरकार से मांग की थी। जो आज साकार हुआ, नए भवन का निर्माण हो जाने से पुलिसिंग सुविधा बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि कुल 8 करोड़ 10 लाख की योजना जिसमे 2 करोड़ 85 लाख की लागत से जोरापोखर थाना भवन तथा 2 करोड़ 74 लाख की लागत से झरिया थाना भवन का निर्माण, 2.36 करोड़ के लागत से 11 केवी फीडर लाइन तथा 15 लाख की लागत से विधायक मद से क्रय की गई ट्रॉली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसएसपी एच पी जनार्दन ने कहा कि विधायक के प्रयास से झरिया और जोरापोखर थाना भवन हमे प्राप्त हुआ। आपने पुलिसिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की इसके लिए आपको धन्यवाद।बताते चले की नवनिर्मित थाना भवन दो मंजिला है, जिसमें एक हॉल, थाना प्रभारी का रूम, सिरिस्ता, वेटिंग हॉल, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग हाजत व जवानों के रहने के लिए कमरे बने हैं। साथ ही चारों और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

कार्यक्रम में एसएसपी एचपी जनार्दन, एडीपीओ भूपेंद्र राउत, टाटा जीएम संजय राजौरिया, विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय, सूरज सिंह, थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, अजीत कुमार, सुमित सुपकर , आफताब अंसारी, विक्रमा यादव, रामजी सिंह, मुख्तार खान, डा0 नरेश प्रसाद, पार्थो प्रमाणिक, आर के पाठक, अक्षय यादव, राजकुमार अग्रवाल, मल्लू सिंह, मनन यादव, महेश शर्मा, रघुवीर गोयल, अशोक वर्णवाल, भगत सिंह, अरूण, पारस यादव, शाकिर खान, सिंटू सिंह , पंकज तिवारी, चांदनी, मेराज खान, राकेश पासवान, बबलु सिंह, झनु गुप्ता, शांति समिति के सदस्य सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुलिस रेड में पोड़ा कोयला के अवैध धंधे का भंडाफोड़

**ईंट पकाने के नाम पर चल रहा था गोरखधंधा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** गलफरबाड़ी पुलिस टीम ने दुधियापानी स्थित प्रदीप तिवारी की रिफैक्ट्री में बुधवार की शाम छापा कर ईंट पकाने के नाम पर पोड़ा कोयला के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। मौके से पोड़ा कोयला लदा ट्रक पकड़ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। लेकिन यह कार्रवाई नयी नहीं है। इससे पहले भी कई बार रिफैक्ट्री में छापेमारी हुई है। कुछ दिन तक तो इस काले कारोबार पर अंकुश लग जाता है। फिर मामला शांत होते ही यह धंधा शुरू हो जाता है। बता दें कि अवैध खनन करा कोयले को भट्ठा व रिफैक्ट्री तक पहुंचाने के गुटों का सरगना निरसा का गोप नामक कोयला तस्कर है। गोप बरवा व गोविंदपुर में संचालित भट्टे तक कोयला पहुंचाने का ठेका लेता है। बरवा व गोविंदपुर में कोई कोलियरी नहीं है। यहां के भट्ठे पूरी तरह ईसीएल मुगमा एरिया के अवैध खनिज कोयले पर निर्भर है। गोप का खेल यहीं तक सीमित नहीं है। भट्ठा से पोड़ा कोयला को यूपी, बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों में ट्रक के माध्यम से भेजने में भी इसका अहम रोल है। उसने निरसा क्षेत्र में हाइवे किनारे एक होटल भी खोल रखा है। जहां इस गोरखधंधे को लेकर सिंडिकेट के साथ बैठक होती रहती है। इन दिनों कोयला पोड़ा करने का नया ट्रेंड चला हुआ है। रिफैक्ट्रियों को इसका हब माना जा रहा है। लोकल पुलिस ने ईंट पकाने के नाम पर रिफैक्ट्रियों में चोरी का कोयला लेने की छुट दे रखी है। ईंट पकाने में जहां 10-15 टन कोयला लगना चाहिये वहीं भट्ठे में जान बूझकर 20-25 टन कोयला डाल दिया जाता है।

# बोकारो डीसी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिये दिया निर्देश

**डीटीओ ने बताया कि जिले में ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राज्य मार्ग 23 एवं 32 पर हो रही हैं**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एसपी पूज्य प्रकाश अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार डीटीओ वंदना शेजवलकर बोकारो विधायक चंदनकियारी विधायक व बेरमो विधायक के प्रतिनिधि समेत संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में उपायुक्त विजया जाधव ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। इस दौरान डीटीओ ने बताया कि जिले में ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राज्य मार्ग 23 एवं 32 पर हो रही हैं। वर्ष 21-22-23 के आंकड़ों के आधार पर जिले में नये 09 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। उपायुक्त ने इन ब्लैक स्पॉट की संयुक्त जांच करते हुए संबंधित एजेंसी को स्पीड ब्रेकर बनाने साइनेज एवं ब्लिंकर लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने टोटो चालकों के लाइसेंस की जांच करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी/ नगर निगम एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से पार्किंग स्थल चिन्हित करें। उपायुक्त ने जिले के स्मार्ट क्लास वाले सरकारी विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन रोड सेफ्टी डे घोषित कर सड़क सुरक्षा से संबंधित आडियो विजुअल क्लिप के प्रसार एवं बच्चों को प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को कहा।

बैठक में उपायुक्त ने चास नगर निगम एवं बीएसएल प्रबंधन को शहरी क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थानों पर हाई मास्क लाइट टावर का अधिष्ठापन करने को लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया।

# साहिबगंज : उपायुक्त ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन, क्लर्क व सफाई इंचार्ज को लगाई फटकार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती द्वारा लगातार स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर जिला के अस्पतालों को बेहतर बनाने को लेकर दिए जा रहे निर्देश के अनुपालन को लेकर आज साहिबगंज सदर अस्पताल का मुआयना किया।

सदर अस्पताल परिसर में बने प्राइवेट डॉ लाल पैथोलैब को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिसर में बने मेडिकल दुकानों को मुख्य द्वार से दूसरी और करने को नगर परिषद साहेबगंज को आदेश किया।निरीक्षण के क्रम में सर्व प्रथम उन्होंने अस्पताल परिसर में खाली पड़े भवन का जायजा लिया। चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया की दवाइयो की सूची डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से प्रत्येक दिन प्रकाशित करे। डायलिसिस कक्ष में डायलिसिस मशीन की जानकारी ली। वहां उपस्थित कर्मियों को कहा कि डायलिसिस कक्ष को नियंतर बेहतर साफ सफाई बनाएं रखेंगे। वही आगे निरीक्षण के दौरान दवाइयां की सूची डिजिटल डिस्प्ले इंस्टॉल जल्द करने को कहा गया। इस दौरान उपायुक्त ने ओटी, आईसीयू, सिटी स्कैन, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, एसएनसीयू के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं सभी वार्ड को सुचारू रूप से चलाने बेहतर रूप में विकसित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला में बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल है। सदर अस्पताल में निरीक्षण के क्रम में पाया की जगह-जगह पर यत्र-तत्र एवं नालियों में गंदगी का अंबार पडे देख उपयुक्त ने आउटसोर्सिंग एजेंसी पर नाराजगी जाहिर की एवं अस्पताल में मौजूद सफाई कर्मी इंचार्ज रमेश कुमार को जमकर फटकार लगाई।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को आउटसोर्सिंग एजेंसी पर विशेष ध्यान देने को कहा एवं यत्र-तत्र थूकें जा रहे व्यक्तियो पर दंड के रूप में निश्चित राशि वसुल करने को कहा गया। साहिबगंज जिला की स्वास्थ्य विभाग चरमरा सी गई है यहां सभी अपने झोली भरने की चक्कर में अपने कर्तव्यों को भूल गए हैं।

## खबर एक नजर में

### साहिबगंज : उपायुक्त ने की नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं किया समीक्षा



**साहिबगंज।** गुरुवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा नेहरू युवा केंद्र के द्वारा संचालित कार्यों एवं योजनाओं की क्रमबद्ध रूप से समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिनमें नेहरू युवा केंद्र का सहयोग की आवश्यकता है। मुख्य रूप से पीएम जनमन योजना आदि। 25 जुलाई से फोटो युक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की विशेष रूप अहम भूमिका निभाई जानी है। मौके पर डीडीसी सतिश चंद्रा, डिस्ट्रीक्ट यूथ आफिसर सुभम चंद्रा उपस्थित रहे।

### साहिबगंज : स्कूल रूआर प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया



**तालझारी।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को स्कूल रूआर प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम के अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत बीडीओ सालखू हेम्ब्रम, बीआरपी राजेन्द्र मंडल ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अभियान को सफल बनाने के लिये जो बच्चे स्कूल से बाहर है, उनको स्कूल से जोडने की हम लोगों की जिम्मेवारी है। बच्चें प्रतिदिन स्कूल आये इसका भी ध्यान रखना होगा। उन्होने कहा कि जो बच्चे नामांकन के बाद भी विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनको चिन्हित कर प्रयास कार्यक्रम के तहत विद्यालय लाये।

### साहिबगंज महाविद्यालय में योग दिवस आयोजन



**साहिबगंज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर साहिबगंज महाविद्यालय में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एस आर ए रिजवी ने इस अवसर पर कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। हमें अपने दिनचर्या में नियमित योग को जगह देनी चाहिए ताकि हम स्वस्थ जीवन जी सकें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय क्रेडिट कोड तथा पतंजलि योगपीठ के संयुक्त प्रयास से महाविद्यालय में योग अभ्यास किया गया। योग विशेषज्ञ चंदना साहा, गीता साहा तथा उनके सहयोगियों द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। मौके पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कुमार प्रशांत भारती डॉ ध्रुव ज्योति कुमार सिंह, प्रो मनोज गुप्ता, डॉ रविंद्र प्रसाद, डॉ डेविड यादव, प्रो जीसू हसदा, प्रो नितिन कुमार घोष, डॉ शोभा मुर्मू, अमर पारीक तथा एनसीसी, एनएसएस एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मंदिरों का गांव मलूटी में भी लग रहे हैं बोल बम के नारे



**शिकारीपाड़ा।** मंदिरों का गांव मलूटी जो 108 मंदिर और 108 सरोवर से अपनी पहचान रखने वाला गांव मलूटी में भी बोल बम के नारे लग रहे हैं। श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मलूटी भी पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए श्रावणी मेला के दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी शिविर सह आवासन केंद्र का निर्माण किया गया है। जहां श्रद्धालु विश्राम करते हैं। सूचना सहायता कर्मी द्वारा उन्हें मलूटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। बासुकिनाथ धाम आने वाले कई श्रद्धालु बाबा पर जलार्पण करने के उपरांत एक बार मां मौलिक्षा की नगरी भी अवश्य पहुंचते हैं। विभिन्न प्रदेशों से लोग यहां लागतार पहुंच रहे हैं एवं इस ऐतिहासिक धरोहर को देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं। सूचना सहायता कर्मी उन्हें अगले वर्ष फिर से आने का न्योता देते हैं। सभी श्रद्धालु अगले वर्ष अपने पूरे परिवार के साथ आने की बात कह विदा होते हैं।

### बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों में बीएसएल करेगा एंटी टीबी किट का वितरण

बोकारो। बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों में टीबी से पीड़ित चार सौ से अधिक मरीजों के बीच बीएसएल अपने सीएसआर के तहत एंटी टीबी किट का निशुल्क वितरण करेगा। इस अभियान के लिए बीएसएल और पीरामल स्वास्थ्य के बीच इस्पात भवन में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन पर बीएसएल की ओर से एसीएमओ डॉ आरके गौतम तथा पीरामल स्वास्थ्य की और से सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर नितिन पथनम रेब्बा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक एचआर राजन प्रसाद मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय मुख्य महाप्रबंधक एचआर हरि मोहन झा महाप्रबंधक संपर्क एवं प्रशासन सीआरके सुधांशु बीजीएच के वरीय चिकित्सक वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी उप प्रबंधक अशोक कुमार तथा पीरामल स्वास्थ्य की ओर से सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर नितिन पथनम रेब्बा मैनेजर ऑपरेशन शैलेन्द्र सहाय आदि उपस्थित रहे। इनके अलावा इस अवसर पर जिला टीबी अधिकारी डॉ जफरुल्लाह डॉ एके झा हेमंत कुमार झा डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर नितिन आर रंजन नितिन कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### बजट को किसी ने सबका हितैषी तो किसी ने ग्रामीण विकासोन्मुखी बताया





बोकारो। आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को सबों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग ध्यान रखा गया है। शिक्षा व रोजगार पर फोकस किया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर जरूरी कदम उठाए गए हैं। बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि आज संसद में मोदी सरकार की ओर से तीसरी बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया उसका बोकारो जिला भाजपा स्वागत करती है। इस बजट में विकसित भारत जो मोदी सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित बनाना है उसके आधार पर बनाया गया है। जदयू के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि इस बजट में युवा महिला किसान छात्र जनजाति वर्ग अनुसूचित जनजाति वर्ग आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही आयकर दाताओं को भी छूट दी गई। बजट में गांव को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जनजातीय समुदाय के सामाजिक आर्थिक में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का आरंभ होगा जिसमे 63 हजार गांव के 5 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : दो पक्षों में हुई मारपीट, दो गिरफ्तार



तालझारी। थाना क्षेत्र के मोती झरना में किसी बातों को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज की गई है। जिसमें अभियुक्त शेख तसलीम एवं शेख फिरंगी दोनों मोतीझारना को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। वही शेख नेहाल, शेख रहीम, शेख राहुल, शेख अब्बास, शेख सब्बीर, शेख सबाब, शेख मौसम, शेख रियाज, अमीना बीबी, नरगिस बीबी एवं फुल्गुन बीबी सभी को अभियुक्त बनाया गया है।

### कोयला तस्करी मामले में दो सगे भाई को सजा

दुमका। कोयला तस्करी मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए दो सगे भाई को सजा सुनायी है। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी वाल्टर भांगरा के न्यायालय ने सुनाया। दोषी अभियुक्त काठीकुंड थाना क्षेत्र के बिलकांदी गांव निवासी माईकल सोरेन एवं बरसन सोरेन है। दोनों को 6 माह की सजा एवं 30(2) में एक साल की सजा एवं 5 हजार जुमार्ना किया है। दोनों सजा साथ-साथ चलेंगी। दर्ज प्राथमिकी में बताया कि सूचना मिली थी कि शिकारीपाड़ा के हरिणसिंघा वन क्षेत्र के अवैध कोयला उत्खनन कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस बल के साथ शिकारीपाड़ा-काठीकुंड पथ पर बाघा सोला मोड़ पर एक ट्रैक्टर एवं एक बाईक पर अवैध कोयला लोड़ कर दो व्यक्ति आ रहा है। पुलिस के रोकने के इशारा पर बाईक सवार एवं ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ भाग खड़ा हुआ। पुलिस बल खदेड़ कर ट्रैक्टर चालक माईकल सोरेन को धर दबोचने में सफल रही।

### फुसरो : कामेश्वर शर्मा की पुण्यतिथि मनी



बेरमो/फुसरो। फुसरो मार्केट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सह अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, फुसरो के संस्थापक कामेश्वर शर्मा की 35 वीं पुण्यतिथि गुरूवार को युवा व्यवसायी संघ फुसरो की ओर से मनायी गयी। लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओ ने कहा कि उनके बलिदान और समर्पण को कभी भूला नहीं जा सकता। संघ के अध्यक्ष चौरसिया ने कहा कि स्व कामेश्वर शर्मा युवा व्यवसायी संघ के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन पर्यंत गरीब, मजदूर, असहाय, व्यापारी वर्ग सभी को सहयोग किया। उन्होंने बेरमो विधायक अनूप सिंह से स्व कामेश्वर शर्मा की एक प्रतिमा फुसरो के अपना बाजार में स्थापित करने की मांग की। मौके पर सचिव बैजू मालाकार, राकेश मालाकार, दिलीप गोयल, विनोद, दिनेश शर्मा, मिथिलेश, रवि शर्मा, मनोज शर्मा, विजय सिंह, भरत वर्मा, सलीम जावेद, जितेंद्र सिंह, संतोष भगत, मिथिलेश चौधरी, राजू चक्रवर्ती, धर्मेंद्र वर्मा, रोहित मित्तल, अंकित गोयल, संतोष मित्तल, अंजना, शंकर गोयल, मो जावेद, विनय बरनवाल, शंकर, विधान आदि मौजूद थे।

# पर्यावरण संतुलन कायम रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : ढोरी जीएम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** धनबाद में कोयला मंत्री जी किशन के द्वारा कोल सेक्टर में राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान की शुरूआत के बाद गुरुवार को सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र में जीएम रंजन सिंहा ने चपरी गेस्ट हाउस में यूनियन पतिनिघियो के साथ बैठक कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ गेस्ट हाउस परिसर और तारमी आउटसोर्सिंग बीएलए कंपनी के डंप यार्ड के समीप सैकड़ो फलदार वृक्ष लगाकर किया। उन्होनें कहा कि आप जो पौधा लगा रहे हैं उसका पालन पोषण आप लोग अपने बेटे की तरह करें।

उन्होनें कहा कि इस मानसून के दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण को करें ताकि कोलियरी, गांव और शहरों को खूब हरा-भरा किया सके। धरती हमारी मां है और उसकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। आज पूरा विश्व में जिस तरह से पर्यावरण का संकट देखने को मिल रहा है उसे देखते हुए पौधारोपण करना और उसका संरक्षण जरूरी है।

उन्होंने आहवान किया कि सभी लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर के हिस्सा ले ताकि लक्ष्य को पूरा किया सके। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण अघिकारी गौरव कुमार ने किया। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद ,पीओ शैलेश प्रसाद, रंजीत कुमार,व के आर सत्यार्थी, एसओ सिविल मनोज साह, कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम सहित यूनियन प्रतिनिधि रविंद्र कुमार मिश्रा, भीम महतो, आर उनेश, विनय सिंह, जवारलाल यादव, जयनाथ मेहता, बैजनाथ महतो, महेंद्र चौधरी, नरेश महतो, रतीलाल महतो, प्रतुस राय आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुये कथारा जीएम



बेरमो/जारंगडीह। गुरुवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित वृक्षारोपण अभियान का आयोजन जारंगडीह बत्ती घर के समीप काली मंदिर के निकट संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में सभी परियोजना अधिकारी, विभागाध्यक्ष, एरिया कंसल्टेटिव कमेटी और एरिया वेलफेयर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। विशेष अतिथियों में स्टाफ ऑफिसर (एक्सकवेशन) जे पैकारा, स्टाफ ऑफिसर (सुरक्षा) सी बी तिवारी, स्टाफ ऑफिसर (पी एंड ए) जयंत कुमार, परियोजना अधिकारी, जरांगडीह पी गुइन, परियोजना अधिकारी, कथारा कोलियरी दुर्गेश सिन्हा और कथारा क्षेत्र के सभी अन्य परियोजना अधिकारी और स्टाफ ऑफिसर शामिल थे।

## स्कूली रसोइया को हटाये जाने पर संघ ने आमरण अनशन प्रारंभ किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत रसोईया एवं संयोजिका को हटाने जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन आयोजित कार्यक्रम जिला मुख्यालय अशोक स्तंभ पर गुरुवार से प्रारम्भ हैं इस आमरण अनशन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी एवं मो शुशीला, अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गई। मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में आमरण अनशन पर रसोईया ने कहा जब तक कुर्मीचक मध्य विद्यालय से जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा हटाएं गई है जिनको लेकर पुरे जिले में रसोईया व संयोजिका में काफी आक्रोश है। सरकार के नियम को ताख पर रख कर रसोईया को हटा दिया गया है। इसके बाद भी जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया हटाने की आदेश वापस नहीं लेंगे तो हम रसोईया 28 को शहीद स्मारक पर आत्मदाह शाम 4 वजे करने को मजबुर हो जाउंगी। उक्त आमरण अनशन कार्यक्रम में जिला सचिव अनिता ठाकुर, उपाध्यक्ष रेखा देवी भाकपा-माले जिला सचिव राम दास साह,एक्टु राज्य उपाध्यक्ष अरुण सहाय, संरक्षक संजीव ठाकुर, राजो देवी, उर्मिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष अंजलि देवी,ललिता देवी, शिखा देवी,फादो देवी,शफीक अंसारी राम प्रवेश साह,चतुरी मांझी आदि रसोईया उपस्थित हैं।

### झारोटेफ ने आयोजित किया कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम



**गोड्डा।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) द्वारा गुरुवार को हर कर्मचारी जागेगा अपना अधिकार मांगेगा थीम के तहत मध्य विद्यालय महगामा (बालक) में कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का भी पुनर्गठन किया गया। राजीव साह ने बताया कि झरोटेफ के महगामा प्रखंड कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष के रूप में अब्दुल मन्नान सर्व सम्मति से चयनित किए गए। जबकि गंगेश गुंजन प्रखंड सचिव, अब्दुस सकुर प्रखंड कोषाध्यक्ष, नियाज अहमद, अबू सालेह, शशि शेखर सिंह एवं निलेश कुमार उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव खुर्शीद आलम, नियाज अहमद, सनातन कुमार दास, शहजाद अनवर सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए।

## दुर्घटना बीमा पॉलिसी ठेका श्रमिकों के हित में प्रभावी कदम : निदेशक प्रभारी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए एक अहम कदम उठाते हुए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी के समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। समझौते के आधार पर ट्रस्ट प्रत्येक अनुबंध श्रमिकों के लिए दस लाख रुपये की वार्षिक कवरेज के साथ एक सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी का हकदार होगा। समझौते पर बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, ईडी चितरंजन महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद जयदीप दासगुप्ता बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीजीएम हरि मोहन झा डीआई के सीजीएम लक्ष्मी दास की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। बीएसएल की ओर से हरि मोहन झा और बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव अशोक कुमार तिवारी ने हस्ताक्षर किये। ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के जगदीश चौधरी डीडी सिंह अवधेश सिंह सुनील महतो एसएन सिंह प्रमोद मिश्रा जेपी सिंह सोमनाथ पंडित जीके सिंह उपस्थित थे। डीआई तिवारी ने कहा कि ठेका श्रमिकों के कल्याण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ईडी राजन प्रसाद ने सभी के प्रयासों की सराहना की। हरि मोहन झा ने ठेका श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी बीएसएल की नीति और अन्य पहलों के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर जीएम वीएम बख्शी प्रांजलि व सोनी सिंह तथा वरीय प्रबंधक पंकज कुमार उपस्थित थे।

# दुमका : शुम्भेश्वरनाथ में है संसार का एकमात्र दुर्लभ जुड़वां शिवलिंग

**त्रेतायुग में महर्षि कश्यप के दानव पुत्र शुम्भ निशुम्भ ने की थी स्थापना**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संसार का एकमात्र दुर्लभ जुड़वां शिवलिंग झारखण्ड के दुमका जिला के सरैयाहाट प्रखंड स्थित धौनी गांव में शुम्भेश्वरनाथ के रूप में स्थापित है। इस शिवलिंग की खासियत यह है की यहाँ दो लम्बवत शिवलिंग आपस में जुड़े हुए है जो आपको कहीं और देखने को नहीं मिलेंगे। बताया जाता है की त्रेतायुग में महर्षि कश्यप और दनु के पुत्र शुम्भ और निशुम्भ असुरों ने घोर तपस्या कर एक एक शिवलिंग को मिलाकर स्थापित किया था। देवी दुर्गा द्वारा दोनों असुर भाइयों शुम्भ व निशुम्भ के वध की कथा का वर्णन मार्कण्डय पुराण में वर्णित है। घने जंगलों के बीच स्थापित इस शिवलिंग में कालांतर में लोग मशाल जलाकर पूजा करने आते थे और पूजा के उपरांत प्लाश के पत्तों से शिवलिंग को ढक देते थे ताकि कोई इसे खंडित न कर सकें। बाद में यहां भव्य मंदिर की स्थापना हुई और पूजा अर्चना के लिए साहेबगंज के चन्द्रमणि गांव के एक ब्राह्मण परिवार आत्माराम पंडा को यहां बसाया गया। आज आत्माराम पंडा के वंशज बढ़कर पचास से अधिक परिवार के हो गये है। और इनके द्वारा ही यहां अब नित्य पूजा होती है। इस महत्वपूर्ण प्राचीन मंदिर की एक खासियत यह भी है की यहां बलि प्रथा नहीं है।

**वैधनाथधाम व बासुकीनाथ से बड़ा है गुम्बज :** शुम्भेश्वरनाथ मंदिर का गुम्बज वासुकीनाथ और वैधनाथ धाम से ऊंचा है। यहाँ का गर्भगृह बासुकीनाथ से काफी बड़ा है। इस मंदिर में त्रिशूल के बजाय पंचशूल स्थापित है। इस मंदिर के बगल में ब्रह्मनारायण और काल भैरव का मंदिर भी है।

### प्राचीन शिवगंगा के बगल में है श्मशान घाट

संताल परगना के साकलद्वीपी ब्राह्मणों का सबसे बड़ा गांव है धौनी। यहां मंदिर के पास ही एक प्राचीन शिवगंगा है। और शिवगंगा के बगल में ही एक श्मशान घाट है। जहां सिर्फ धौनी गांव के मृत ब्राह्मणों का दाह संस्कार किया जाता है। अन्य लोगों का दाह संस्कार यहां वर्जित है। श्मशान घाट ऊंचाई में होने की वजह से घाट की राख पानी में बहते हुए शिवगंगा में आती है। बताया जाता है की हर रोज श्रृंगारी पूजा के बाद सर्वप्रथम यहीं का जल शिवलिंग में चढ़ाया जाता है।

### ऐतिहासिक, पुरातात्विक व धार्मिक मान्यताएं

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह कामना लिंग है। जहां से कोई भी भक्त आजतक खाली हाथ वापस नहीं गया। जो भी सच्चे मन से यहां आता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बताया जाता है कि झारखंड के इस प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष यहां दबे हुए हैं, जिस कारण इसका ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी है। यहां की एक और मान्यता यह है कि यहां किसी तरह की तंत्र विद्या काम नहीं करती है।

### कैसे पहुंचे मंदिर

शुम्भेश्वरनाथ मंदिर जाने के लिए कई सुलभ रास्ते है। एनएच 133 से कोठिया से यहां की दुरी महज तीन किलोमीटर है। झारखण्ड मोड़ मंडलडीह से 7 किलोमीटर। इसके साथ ही बासुकीनाथ नोनीहाट मार्ग से बैगनथरा और दुमका देवघर मुख्य मार्ग से सहारा बाजार से यहां जाने के लिए सड़क है। जहां से आसानी से यहां पहुंचा जा सकता है।

# ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन, ढिबरा मुद्दे को लेकर सकारात्मक वार्ता

## माले विधायक व कांग्रेस कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सीएम से मिला संघ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ, कोडरमा का प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को बगोदर विधायक विनोद सिंह और कॉंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा में मुलाकात की। साथ ही ढिबरा मुद्दे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। वहीं माले विधायक विनोद सिंह और कांग्रेस नेता बंधू तिर्की के नेतृत्व में सीएम से ढिबरा पॉलिसी को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई। ढिबरा स्क्रैप संघ के अध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि ढिबरा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीरता दिखाई है। वार्ता में सीएम ने आश्वाशन दिया है कि ढिबरा को लेकर वे गंभीर हैं और सकारात्मक कदम उठाने की रणनीति तैयार कर रहें है। श्री घटवार ने बताया कि कोडरमा-गिरिडीह में लाखों लोगों का जीवनबसर ढिबरा चुनकर होता है। मगर कोडरमा में ढिबरा कारोबार पर ठोस नीति नही होने के कारण ढिबरा व्यापार पर संशय बना



हुआ है। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने कहा कि सीएम हेमन्त सोरेन ने ढिबरा मजदूरों के हक में को-ऑपरेटिव के माध्यम से ढिबरा को वैध बनाने की पहल की थी, मगर यह पॉलिसी जमीन पर उतर नही पाई। हेमंत सोरेन ने आश्वासन दिया है कि वे ढिबरा मजदूरों के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े हैं और ढिबरा व्यापार को शुरू करने को लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वहीं सीएम हेमन्त सोरेन ने ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ को भरोसा दिलाया कि ढिबरा मजदूरों के हक में झारखंड सरकार गंभीरता से पॉलिसी जमीन पर उतारने के लिए कृतसंकल्पित है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष कृष्णा घटवार, राजकिशोर सिंह, इस्लाम खान, दारोगी सिंह, रीतलाल सिंह आदि मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने किया नवाडीह उपस्वास्थ्य केंद्र की जांच

**इटखोरी।** प्रखंड के नवादा पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह ने ग्रामीणों की शिकायत पर उपस्वास्थ्य केंद्र नवाडीह का निरीक्षण किया और पाया कि यह बंद पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह अक्सर बंद रहता है और कभी-कभी खुलने पर भी मामूली दवाइयाँ नहीं मिलती हैं। मुखिया ने इस बारे में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जयसवाल और कार्यक्रम प्रभारी मारूफ खान से शिकायत की।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने जाँच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### साप्ताहिक हाट से बाइक की चोरी

**सिमरिया।** बरियातू थाना क्षेत्र के सिबला गांव निवासी अनिल ठाकुर की बाइक बगरा साप्ताहिक हाट से चोरी हो गई। 23 जुलाई को अनिल ठाकुर बगरा साप्ताहिक हाट आए थे और अपनी बाइक (जेएच 13 एफ 9851) मंदिर के पास खड़ी करके सब्जी खरीदने गए थे। सब्जी खरीद कर वापस आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की और काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद अनिल ठाकुर ने बरियातू थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई और पुलिस से बाइक खोजने का अनुरोध किया।

### घर का ताला तोड़कर नकदी सहित घरेलू सामान की चोरी

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के बगरा-लावालौंग पर स्थित नाटो यादव के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बाइस हजार रुपए और घरेलू सामान की चोरी कर ली। भक्ति भोगी ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। भोगी ने बताया कि घर में ताला लगाकर सभी परिवार चतरा रिश्तेदार के घर गए हुए थे।?इसी बीच रात में चोरों ने घर का ताला तोड़ा और बक्सा में रखे लगभग बाइस हजार रुपए और घरेलू सामान चुरा लिया।वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ पाया और सामान बिखरे हुए देखे साथ ही नगदी और कुछ घरेलू सामान गायब मिले। पुलिस भुक्तभोगी की सूचना पर जांच पड़ताल कर रही है।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**गिद्धौर।** गिद्धौर के ठाकुरबाड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हजारीबाग सेवा केंद्र द्वारा एक साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन और महाआरती कराई जा रही है। यह कार्यक्रम एक अगस्त तक चलेगा। महाआरती का समय प्रातः 8 बजे और संध्या 6 बजे रखा गया है। इसमें प्रखंड मुख्यालय से कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया है। दर्शन के साथ-साथ यहां राजयोग मेडिटेशन का नि:शुल्क शिविर भी कराया जा रहा है। इसके बाद स्थायी सेवा केंद्र बैंक ऑफ इंडिया के सामने त्रिभुवन बीज भंडार के ऊपर प्रतिदिन खुला रहता है। श्रावण के पावन माह में पवित्रता का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य पर चिकित्साधिकारी डॉ. अमृता, एमओ ऑफ डेंटल डॉ. अंजली, प्लस टू विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रिजेश कुमार सिंह, मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल सिद्धेश्वर पांडेय सहित कई लोगों को रक्षासूत्र भी बांधा गया है।

### शिक्षा सप्ताह समारोह आयोजित

**गिद्धौर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षा सप्ताह के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चियों के अभिभावक भी उपस्थित थे।बच्चियों ने गीत, नृत्य, संगीत और डांस जैसे कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चियों की प्रतिभा को निखारना था। कार्यक्रम के बाद अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चियों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए चर्चा की। विद्यालय वार्डन बिंदु पोद्दार, हर्ष जोहर कोऑर्डिनेटर, सरिता सिंह शिक्षिका, मंजू कुमारी, मुनिया देवी, शिक्षक राहुल कुमार, टिंकू कुमार और अभिभावक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

---

### भाजपा कोई चारागाह नहीं है की कोई आकार चर ले : नितेश

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव के दावेदारों की सूची को एक दैनिक अखबार के प्रकाशन में देखकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कड़ा आपत्ति दर्ज किया है। भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा कोई चारागाह नहीं है की कोई भी यहां आकर भाजपा की टिकट को चर कर ले जाए, भाजपा का प्रत्याशी पद कोई रसगुल्ला नहीं है की कोई भी आकर उसे आसानी से खा ले। आसन्न लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का साथ देने वाले और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा के उम्मीदवार होंगे। प्रदेश नेतृत्व ने हम सभी कार्यकर्ताओं को यह आश्वस्त किया है कि भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता की बात सुनी जाएगी और उनके ही राय मसवरे के बाद ही पार्टी प्रत्याशी का फैसला किया जाएगा। पार्टी के अंदर ही कई कार्यकर्ता है जो चुनाव ठीक से लड़ सकते हैं, चुनाव जीत सकते हैं और भाजपा की सरकार बना सकते हैं।

# अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे : महेंद्र पाठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा अंचल कमिटी जयनगर के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के पूर्व पेठिया बागी चौक से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व अंचल मंत्री अर्जुन यादव पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव कर रहे थे। जुलूस के दौरान इंकलाब जिंदाबाद, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिंदाबाद, जयनगर बीडीओ व सीओ की मनमानी नहीं चलेगी, अबूआ आवास योजना में कमीशन खोरी बंद करो, मनरेगा योजनाओं में जेसीबी से काम करना बंद करो, दाखिल खारिज जमीन ऑनलाइन में घूस लेना बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं जुलूस प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया। वहीं धरना की अध्यक्षता जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने किया। वहीं धरणा को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक ने कहा कि अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे। झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य के अफसरों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इसके लिए भारतीय कम्युनिस्टपार्टी कोष मजबुती कर लड़ाई को तेज करना होगा, तभी गरीब लोगों को इंसाफ मिल पाएगा।

वहीं धरणा को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि जिला में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण सुखाड़ स्थिति हो गई है। कोडरमा जिला को हर क्षेत्र सुखाड़ घोषित करने की आवश्यकता है। जयनगर अंचल में बीडीओ गौतम कुमार की मनमानी चल रही है, जिला प्रशासन और राज्य सरकार उदासीन है। गौतम कुमार की मनमानी के खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो पार्टी निरीक्षण आंदोलन चलाएगी। वहीं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के अफसरो पर लगाम नहीं लगा पा रही है, जिसके कारण सभी प्रखंडों एवं अंचलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यदि यही हाल रहा तो आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता चार राउंड में हुई। वहीं चौथा राउंड ग्रैंड फाइनल राउंड था, यह मुकाबला आकाश हाउस के श्रवण यादव और पवन हाउस के रौशन कुमार के बीच खेला गया। इसमें आकाश हाउस का श्रवण यादव विजेता रहा, जबकि रौशन को उपविजेता का खिताब मिला। प्रतियोगिता शिक्षक हंसपाल कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में अभिनव कुमार, अर्णव कुमार, रौशन कुमार, आदित्य कुमार, कृष्ण कुमार, अभिनव कुमार, समर शर्मा, नैतिक शर्मा, सृष्टि कुमारी, श्रवण राहुल, बादल कुमार आदि छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और कहा कि चेस एक माइंड गेम है, इससे छात्रों का मानसिक विकास होता है।

# जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर चलाया गया नामजांचो अभियान

## मतदाता सूची में स्वयं जांचें अपना नाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** निर्वाचन विभाग झारखंड सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन पर जिले में नामजांचो अभियान चलाया गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने स्वयं अपना नाम मतदाता सूची से जांच करते हुए इस अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर नाम जांचो अभियान चलाया गया और मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची से जांच किया।

वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डोमचांच प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या 276 व 277 और कोडरमा प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या 135, 136, 137, 143, 166, 170, 171, 172 व 173 का भ्रमण किया गया।

# कोडरमा में हरेक क्षेत्रों में विकास की बयार चलती रहेगी : डॉ.नीरा यादव

## कोडरमा नगर में डॉ. नीरा यादव ने किया आठ योजनाओं का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में विकास की नई लहर लाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में विधायक डॉ.नीरा यादव ने कई योजनाओं का शिलान्यास विधि विधान से पूजन कर एवं नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया। उन्होंने कहा इन कार्यों से नगर के विभिन्न हिस्सों में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और नागरिकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी।

मैं उम्मीद करती हूं कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। मौके पर नगर पंचायत के कनीय अभियंता सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव यादव, दीपनारायण सिंह, सचिन कुमार, दुर्गा साव, साधु यादव, महेश यादव, सचिन यादव, सुखदेव यादव, बंशी यादव, अजय कुमार, कासिफ अख्तर, सोनू खान, संजीव तिवारी, उमेश यादव, नेमचंद यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### अवैध नर्सिंग होम व पीसीएनपीएनडीटी की अवहेलना करने वालो के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, आनंद नर्सिंग होम व एडवांस अल्ट्रासाउंड केंद्र को किया गया सील

# लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले फर्जी डॉक्टर और नर्सिंग होम संचालक को नहीं किया जाएगा माफ : डीसी

## फर्जी डॉक्टर आनंद समेत संलिप्त अन्य लोगों के ऊपर हुई प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के अवहेलना करने वाले एवं अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध उपायुक्त रमेश घोलप सख्त उन्होंने कहा गरीब मजदूर असहाय लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने एवं प्रसव और अन्य के नाम पर पैसों की ठगी करने वाले को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विगत कई दिनों से दैनिक अखबार, सोशल मीडिया एवं अन्य श्रोत के माध्यम से लगातार जानकारी प्राप्त हो रही थी कि चतरा जिला मुख्यालय स्थित कई अवैध नर्सिंग होम/ अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इसे प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा एवं सिविल सर्जन चतरा को अवैध नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

चतरा के सिविल सर्जन और अनुमंडल पदाधिकारी ने 24 जुलाई 2024 को न्यू बस स्टैंड और कांति आनंद क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम बंद मिला और संचालक आनंद कुमार ने जांच में सहयोग नहीं किया। जांच के दौरान एक छोटा ऑपरेशन थियेटर कमरा, रिसेप्शन काउंटर और चिकित्सक कक्ष बंद पाया गया। नर्सिंग होम में सीसीटीवी कैमरे तो लगे थे, लेकिन कर्मचारियों ने फुटेज नहीं दिखाया। ऑपरेशन थियेटर क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के अनुसार नहीं था और वहां आवश्यक उपकरणों और दवाओं का अभाव था। प्रसव के बाद नवजात शिशु की देखभाल के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और मरीजों से संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं मिले। जांच के दौरान मौके पर एक प्रसव के लिए और एक पथरी से पीड़ित मरीज भर्ती थे। देर रात कांति आनंद क्लिनिक को सील कर दिया गया।



आनन्द कुमार, फर्जी डॉक्टर एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिक दर्ज की गई यथा गिरोह बनाकर अवैध तरीके से अस्पताल का संचालन करना, बिना डिग्री के ऑपरेशन कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग होम/अस्पताल संचालन संबंधी निर्धारित मानकों का अनुपालन नही करने एवं सरकारी जांच में सहयोग न कर बाधा डालने जैसे गंभीर आरोपों के आलोक में उपरोक्त संबंधी नर्सिंग होम/अस्पताल के संचालाकों के विरूद्ध विधि-सम्मत प्राथमिकी दर्ज की गई।

**क्या कहते हैं प्रसव के लिए आई मरीज :** मेरे बच्चा होने वाला था तो मेरी सासु माँ द्वारा कान्ती आनन्द क्लिनिक संस्थान, चतरा का पता बताकर मुझे लाया गया तथा आज दिनांक 24.07.2024 को बड़ा ऑपरेशन से मुझे लड़की हुई, अभी मुझे ऑपरेशन जगह पर दर्द है।अभी मैं पैसे नही दी हूं । ईलाज से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई पूर्जा नही दिया गया है।

**अल्ट्रासाउंड केंद्र को किया गया सील :** चतरा बगरा रोड न्यू पेट्रोल पंप के समीप संचालित एडवांस अल्ट्रासाउंड केंद्र को पीसीएनपीएनडीटी की अवहेलना करने पर बुधवार को ही देर शाम सील किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा एक्ट की अवहेलना करने वाले किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र को बख्शा नहीं जाएगा। आगे उन्होंने कहा संचालक व संलिप्त लोगों के ऊपर नियमसंगत कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बताते चले की उपायुक्त रमेश घोलप क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम एवं पीसीएनपीएनडीटी एक्ट का उलंघन करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र के विरुद्ध काफी सख्त हैं। पूर्व में भी अवैध रूप से संचालित राज नर्सिंग होम को भी उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निदेर्शानुसार सील किया गया एवं संलिप्त लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

साथ ही फर्जी डॉक्टर चंदन के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त ने खुद बाईपास बस स्टैड रोड महावीर मंदिर समीप संचालित एमजी नर्सिंग होम पहुंच छापेमारी व जांच की जिसमे घोर क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट का उलंघन देखा गया और उनके निदेर्शानुसार एमजी नर्सिंग होम संचालक पूर्णिमा सिन्हा समेत अन्य सलिप्त लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई और नर्सिंग होम को सील किया गया।

---

## एक नजर में

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घटना की जानकारी किसी को नहीं देने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता की मां ने चतरा के सदर थाने में तीन युवकों पर पुत्री के साथ गैंगरेप करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। घटना 21 जुलाई की है जब पीड़िता अपने छोटे भाई के साथ घर से कुछ दूरी पर जामुन तोड़ रही थी। इस दौरान आकाश करकेट्टा, अनिल तिर्की और विक्की यादव नाम के तीन युवक आए और उसे पास की झाड़ी में ले गए। इसके बाद तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 256/24 के तहत पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए छापामारी अभियान चलाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश केरकेट्टा और अनीश तिर्की शामिल हैं। दोनों को गुरुवार को जेल भेजा जाएगा। तीसरे आरोपी विक्की यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** मुख्यमंत्री बहन बेटी मई कुई स्वालंबल योजना के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बृहस्पतिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया।

इस योजना का लाभ लेने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी वीडियो के द्वारा बतलाई गई और इस योजना से संबंधित कोई भी महिला वंचित न रहे, ऐसा चिन्हित कर योजना में शामिल करने की बात कही गई। मुख्यमंत्री बहन बेटी मई कुई योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक का आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र, आधार से बैंक पासबुक एवं मोबाइल नंबर लिंक हो, एक रंगीन पासपोर्ट फोटो, घोषणा पत्र जैसे दस्तावेज ठीक-ठाक होने चाहिए और महिला की उम्र 21 वर्ष से ऊपर और 49 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही, वह खटियाणी झारखंडी निवासी होनी चाहिए। इस योजना का लाभ किसी भी प्रकार से केंद्र सरकार या राज्य सरकार का कोई पेंशन धारी नहीं ले सकता है। बैठक में प्रमुख अनीता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया जगदीश यादव, निर्मला देवी, बेबी देवी, सुमीरा देवी, सरिता देवी, उप मुखिया विकास पांडेय, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, प्रियंका प्रिया, ए वार्ड सदस्य कैलाश दांगी, सामाजिक सुरेश प्रसाद राणा, महादेव दांगी, आंगनबाड़ी सेविका क्रांति सिन्हा, उषा कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कावारियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारीसाखी से बृहस्पतिवार को कावारियों का एक जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैजनाथ धाम को 12 ज्योतिलिंगों में से एक माना जाता है। इस मंदिर में आने वाले भक्तों का मानना है कि यहां आने से उनके सारे कष्ट दूर होते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।इसी वजह से इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंग भी कहा जाता है। यहां आने वाले भक्तों को कई तरह के फायदे मिलते हैं, जैसे कल्याण और आध्यात्मिक विकास का आशीर्वाद। कावारियों के इस जत्थे में मुख्य रूप से खिरोधर यादव, डॉक्टर कैलाश दांगी, धीरज यादव, अनुज साह, रूपलाल यादव, चंदन दांगी, पप्पू यादव, इंद्रदेव यादव, मनीष दांगी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### एंटी क्राइम अभियान में ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम अभियान के तहत बुधवार शाम करीब 7:30 बजे चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान स्कूटी सवार दो युवकों को दो ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों में से एक को जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरा नाबालिग पाया गया है। गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मोटर स्कूटी सवार युवक चतरा की ओर से हजारीबाग जा रहा था। चेकिंग को देखकर युवकों ने स्कूटी घुमाकर पीछे की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन शक के आधार पर उनका पीछा किया गया और उन्हें पकड़ लिया गया। युवक के पैकेट से 2 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया।पकड़े गए युवक का नाम एहतेशाम जफर है, जिसकी उम्र 23 वर्ष है और वह हजारीबाग जिले के सदर थाना क्षेत्र के चिश्तिया मोहल्ले का रहने वाला है। उसके खिलाफ गिद्धौर थाना कांड संख्या 50/24 में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी के साथ अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह और गिद्धौर थाना के रिजर्व गार्ड मौजूद थे।

# गिरिडीह पहुंची अल्पसंख्यक आयोग की टीम, की योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र सवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु, सदस्य बरकत अली, इकरारुल हसन ने गुरुवार को नया परिसदन भवन में अल्पसंख्यकों के कल्याण चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागवार अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, मत्स्य, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा आयोग के द्वारा की गई है। आयोग का उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट से आयोग संतुष्ट है।जन सुनवाई के दौरान कई आवेदन भी प्राप्त हुए जिन्हें सम्बंधित विभाग को अग्रतर करवाई हेतु भेज दिया गया है साथ ही राज्यस्तरीय मामले में आयोग सभी जिलों से प्राप्त रिपोर्ट का डाटा इकट्ठा कर राज्यस्तरीय बैठक करेगा इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसा प्रदान करेगा। बैठक में आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के अलावा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा, उप विकास आयुक्त समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बीआईटी सिंदरी के बीटेक में 111 छात्रों ने कराया नामांकन



**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी के बीटेक पाठ्यक्रम में नामांकन के दूसरे दिन गुरुवार को 111 छात्र छात्राओं ने नामांकन कराया। इसके पूर्व पहले दिन बुधवार को आईटी इंजीनियरिंग में 55 छात्रों ने दाखिला लिया था। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने बताया कि केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 72, ईसीई अभियंत्रण में 33 और 6 छात्र छात्राओं ने प्रथम दिन के आईटी इंजीनियरिंग विभागों में नामांकन कराया है। शुक्रवार को तीसरे दिन मेकेनिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग शाखा में नामांकन प्रक्रिया होगी।

### सिटी सेंटर के पास पुलिस नें चलाया जागरूकता अभियान



**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देश पर गुरुवार को सिटी सेंटर के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। वाहन चालकों को हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाने, रॉन्ग साइड पर वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीड नहीं करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की जानकारी दी गई। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, परिवहन कार्यालय के कर्मी तथा ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर भाजपा ने निकाला मसाल जुलूस

**मैथन।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती के नेतृत्व में
एक मसाल जुलूस निरसा यज्ञ मैदान से निरसा बाजार, हटिया मोड आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर यज्ञ मैदान में एक सभा के साथ समाप्त की गई` सभा को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती ने कहा कि 1999 में 60 दिनों तक भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को घुटने टिकने को मजबूर किया था` कारगिल पर भारतीय झंडा लहराने का काम किया गया था` आज के दिन हम अपने सभी अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं भारतीय सेना पर गर्व करते हैं` मौके पर मुख्य रूप से मनु तिवारी मधुरेंद्र गोस्वामी, उत्पल बाउरी, उज्जवल गोराई, गोविंदा यादव, विशाल धीवर, कर्मवीर यादव शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No. ( आवेदित )

* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## दिवंगत शिक्षिका सुजाता के स्मृति दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**सिंदरी ।** दिवंगत विज्ञान शिक्षिका सुजाता के स्मृति दिवस पर 3 अगस्त को केडी कालोनी में रक्तदान, नेत्रदान सहित कई कार्यक्रम होंगे।
इसको लेकर आयोजनकर्ता भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने उनके आवास पर गुरुवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

समिति संयोजक सह स्व सुजाता के पति विकास ठाकुर ने बताया कि उनकी तीसरे स्मृति दिवस को यादगार बनाने की योजना है।

इनमें श्रद्धांजलि सभा, स्वास्थ्य पर चर्चा, वृक्षारोपण, नेत्रदान शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

हेमंत जायसवाल ने बताया कि स्व सुजाता ने सुनामी और बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अहम भूमिका निभाई थी।

प्रेस वार्ता में राज नारायण तिवारी, प्रफुल्ल कुमार स्वैन, विकास गुप्ता, मुकेश कुमार, सुबल चंद्र दास, गौतम प्रसाद आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### एग्यारकुंड बीडीओ ने जांच के बाद किया मतदाता सूची का प्रकाशन

**मैथन।** एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी ने चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार गुरुवार को जांचोपरांत विधिवत मतदाता सूची का प्रकाशन किया। इस दौरान प्रखंड के सभी 162 मतदान केंद्रों के बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि प्रकाशित मतदाता सूची में आम मतदाता अपना नाम देख सकते हैं। किसी भी तरह का आपत्ति होने पर एक हफ्ता के भीतर अपना दावा दर्ज करके नाम जुड़वा, हटा एवं सुधरवा सकते हैं। यह सब कार्य संबंधित बीएलओ द्वारा करवाएंगे। सभी बूथों पर 27 एवं 28 जुलाई और 3 एवं 4 अगस्त को नाम जोड़े जाएंगे। जिनका भी नाम जुड़वाना हो, वे 4 अगस्त को अनिवार्य रूप से अपना नाम जुड़वा लेगें। 29 जुलाई को अनुसूचित जनजाति अभियान के तहत दूरस्थ ग्रामीण इलाकों एवं ट्राइबल इलाकों में अभियान चलाया जाएगा। 30 जुलाई को रैन बसेरा इत्यादि जगहों पर विशेष रूप से अभियान चलाया जाएगा। 31 जुलाई को दिव्यांगजनों का नाम जोड़ा जाएगा एवं 1 अगस्त को 85 प्लस उम्र के मतदाताओं का सूची में दर्ज नाम जांचा एवं जोड़ा जाएगा तथा 2 अगस्त को थर्ड जेंडर के लोगों का नाम जोड़ा जाएगा। बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर अभियान चलाया जाएगा। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह, संदीप सिन्हा, मुखिया अजय पासवान, शिक्षक प्रमोद कुमार झा, बीएलओ अंजू देवी, सावित्री कुमारी, कुंती कुमारी,आदि थे।

### रात भर सड़क की खाक छानी, खाली हाथ लौटे सीओ

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बुधवार को रातभर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बालू ट्रैक्टर पकड़ने के लिए छापेमारी की, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली । बताया जाता है कि अंचल अधिकारी अपने प्राइवेट ड्राइवर के साथ गोविंदपुर के बरियो मोड़, साहिबगंज रोड मोड़, गोविंदपुर ऊपर बाजार मोड़, लालबंगला मोड़, जीटी रोड, टुंडी रोड, बलियापुर रोड आदि क्षेत्रो में रात भर भ्रमण करते रहे । वह बालू ट्रैक्टरों को पकड़ने के प्रयास में थे परंतु रात भर जागने के बाद भी उन्हें एक भी बालू ट्रक और ट्रैक्टर हाथ नहीं लगे। सूत्रों के अनुसार अंचलाधिकारी को यह जानकारी मिली थी कि रात के अंधेरे में विभिन्न सड़कों होकर बालू नदी ट्रैक्टर गुजरते हैं । इसी के लिए उन्होंने रात भर छापेमारी की योजना बनाई थी। दो दिनों पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बालू लगा एक ट्रैक्टर को जप्त किया था। इसके बाद अंचल अधिकारी ने भी बालू ट्रकों को ट्रैक्टरों को पकड़ने की योजना बनाई । इसी क्रम में उन्होंने रात भर बालू गाड़ी पकड़ने के लिए विभिन्न सड़कों की छान मारी, परंतु उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी।

### गोविंदपुर में हुई भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा की समीक्षा बैठक

**गोविंदपुर।** जिला ग्रामीण भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा की बैठक गुरुवार को हरदेवराम स्मृति भवन में महादेव कुंभकार की अध्यक्षता में हुई। इसमें मोर्चा के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा लोकसभा चुनाव में अपने मतदान केंद्र में बढ़त दिलाने वाले कार्यकताओं का आभार जताया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात, गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भागीदारी तथा नए मतदाताओं का नाम 9 अगस्त तक जुड़वाने का निर्णय लिया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रत्येक क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय हुआ। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की। संचालन महामंत्री राजेश कुमार दास एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष तालेश्वर प्रसाद साव ने किया। उपाध्यक्ष सुमिता दास, मीडिया प्रभारी विश्वनाथ पाल, विपिन चंद्र मंडल, विवेक मोदक , मदन प्रमाणिक, शंकर दा, दशरथ मंडल, रविकांत शर्मा, सुनील शर्मा, वीरेंद्र कुमार प्रसाद, महादेव कुमार, काशीनाथ साहू, राजकिशोर कुंभकार, अनिल कुमार, गोविंद यादव, चंडी प्रसाद महतो, सुशील मंडल, संदीप मंडल, बलराम महतो, शक्तिपद गोराई आदि शामिल थे ।

## केन्द्रीय विद्यालय मैथन में छात्रों को दी गई सीएस कैरियर की जानकारी



खबर मन्त्र सवाददाता

**मैथन।** केन्द्रीय विद्यालय मैथन में गुरुवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया । सेमिनार आयोजित कर 10 वीं से 12 वीं तक के छात्रों को कम्पनी सचिव में कैरियर के लिए विभिन्न जानकारी दी गई। सेमिनार का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता भारतीय कम्पनी सचिव धनबाद चैप्टर के तापस कुमार मजुमदार एवं ऋतु रितौलिया ने बताया कि आधुनिक युग में कैसे कम्पनी सचिव एक महत्वपूर्ण एवं रोचक कैरियर ऑप्शन के रूप में आपको आगे बढ़ाएगा। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को अलग अलग विभागों में संबंधित विभिन्न कोर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीजीटी शिक्षक मंगल राय ने अहम भूमिका निभाया। कार्यक्रम में करीब 226 छात्रों ने हिस्सा लिया।

## सड़क मरम्मत को ले धैया में धरना

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** शहर के मेमको मोड़ से बरटांड़ के के बीच ढईया में हाल में बने मुख्य मार्ग की दयनीय हालत के लेकर क्षेत्र के लोग सड़कों पर उतर आए हैं। पथ निर्माण में घपला-घोटाला का आरोप लगा रहे हैं। सड़क सुधार को लेकर धैया पीसीसी सड़क पर स्थानीय लोगो ने धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन का उद्देश्य चंचनी कॉलोनी से विनय बिहार कॉलोनी तक और शिव मंदिर से रानीबाँध तक सड़क जर्जर स्थिति मे है। इस जर्जर सड़क की लंबाई एक किलोमीटर के आस पास है ।जिसे सुधार की मांग को लेकर समाजसेवी पप्पू सिंह ने स्थानीय लोगो के साथ प्रदर्शन लेकर किया ।

पप्पू सिंह ने कहा कि इस एक किलोमीटर पीसीसी सड़क का निर्माण दिसंबर 2023 मे हुआ था। घटिया पीसीसी सड़क निर्माण के समय भी स्थानीय लोगो ने उस समय के उपायुक्त 8 दिसंबर को लिखित शिकायत की थी लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ। ठीकेदार ने गलत तरीके से ढलाई किया है जिसके कारण पहले ही बारिश मे पीसीसी सड़क ने छड़िया छोड़ दी। कन्क्रीट निकलता जा रहा है। लोगो को जल जामाव के कारण आवागमन मे काफी परेशानी हो रही है । इसे देखते हुए ठीकेदार को दंड मिले तथा पीसीसी सड़क का पुनः अच्छे ढंग से निर्माण कराया जाए। यह सड़क निर्माण के लिए साठ लाख रुपये का योजना पास हुआ था । फिर भी घटिया निर्माण कराया गया । जिसका लोगो ने जमकर विरोध किया था।

## गोविंदपुर के स्कूलों में साइकिल की आपूर्ति बंद

खबर मन्त्र सवाददाता



**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर प्रखंड में कल्याण विभाग द्वारा विद्यालयवार साइकिल की आपूर्ति बंद हो गई है। अब फिर से इसके लिए विद्यालयों में चंदा वसूली शुरू हो गई है और प्रधानाध्यापक प्रखंड मुख्यालय से साइकिल लाना शुरू कर दिए हैं।

प्रखंड मुख्यालय से साइकिल लाने के लिए चंदा वसूली को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने उपायुक्त धनबाद को पत्र लिखा था और कहा था कि इससे जनता में विभाग और सरकार के प्रति गलत संदेश जा रहा है ।

कल्याण विभाग के साइकिल आपूर्तिकर्ता को विद्यालयों तक साइकिल पहुंचने की जिम्मेदारी दी गई है फिर भी साइकिल नहीं पहुंचायी जा रहा है ।

प्रखंड प्रमुख ने लिखा था कि गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की दूरी मुख्यालय से 30 से 35 किलोमीटर तक भी है। इस स्थिति में विद्यालय प्रधान साइकिल अपने खर्चे पर कहां से ले जा सकेंगे ।

विभाग द्वारा प्रधानाध्यापकों को इसके लिए कोई राशि नहीं दी गई है । प्रमुख के इस पत्र के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी ने गोविंदपुर के साधु एजेंसी को मौखिक रूप से विद्यालयों में प्रखंड मुख्यालय से लेकर साइकिल पहुंचने का निर्देश दिया था। मौखिक निर्देश का पालन करते हुए साधु एजेंसी ने करीब 10 दिनों तक विभिन्न विद्यालयो में साइकिल पहुंचायी।

इसके बाद उन्होंने विभाग से साइकिल पहुंचाने के खर्च की मांग की तो उन्हें न खर्च दिया गया और न हीं बाद में देने का कोई लिखित समझौता किया गया ।

इसके बाद साधु एजेंसी ने विद्यालयों में साइकिल पहुंचाना बंद कर दिया है ।इसके लिए अब विद्यालयों के प्रधान लाभुकों से चंदा लेकर प्रखंड मुख्यालय से साइकिल ला रहे हैं ।

हालांकि प्रखंड के अनेक विद्यालय प्रधान चंदा वसूली से परहेज कर रहे हैं ।

उनका कहना है कि इससे उनकी बदनामी होगी और जनता में गलत संदेश जाएगा । ऐसे विद्यालय प्रधानों का कहना है कि कल्याण विभाग द्वारा जब विद्यालय साइकिल पहुंचा दी जाएगी, तभी वितरण करेंगे।

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर गिनाई हेमंत सरकार की उपलब्धियां

खबर मन्त्र सवाददाता

**गिरिडीह।** चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सरकार के सहयोगी दल सरकार के उपलब्धियों को भुनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने गुरुवार को शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। प्रेसवार्ता में प्रदेश सचिव ऋषिकेश मिश्रा, डॉक्टर समीर राज चौधरी, अमित सिन्हा, मदन विश्वकर्मा और राजेश तुरी भी शामिल हुए। जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सरकार ने जो कार्य किया, वो अब तक किसी सरकार में नहीं हुआ। 1500 पीजी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलना और जिला मुख्यालय से ग्रामीण इलाकों में दिव्यांगों के साथ वृद्धों के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को शुरू करना ये हेमंत सरकार की उपब्धिया रही है।

और इसका फायदा जनता उठा भी रही है। कहा कि दो सौ यूनिट बिजली फ्री करना भी हेमंत सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में है। कैबिनेट के बैठक में कर्मचारियों को टिए और डीए देने की घोषणा किया जाना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।




## नि:शुल्क एसी बस काँवरिया यात्रा का हुआ समापन



**सिंदरी ।** बाबा बैद्यनाथ धाम के जलाभिषेक के लिए निकली निःशुल्क एसी बस यात्रा गुरुवार को सिंदरी पहुँचकर समाप्त घोषित किया गया। इसे हरी झंडी दिखाकर सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने सुल्तानगंज के लिए रवाना किया था। 21 महिला, 12 पुरुषों, 8 सेवादलों, 4 कुक सहित एक चिकित्सक का दल यात्रा में शामिल थे।

आयोजनकर्ता जय माता दी मंदिर कमेटी, जन अधिकार मंच और सिंह ट्रैवल्स की टीम ने काँवरियों की तीसरी यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। संयोजक रंजीत कुमार ने बताया कि इस पूरी यात्रा में चिकित्सक डॉ शिवशंकर शाह ने काँवरिया होते हुए भी अन्य काँवरियों को जरूरी चिकित्सा और प्राथमिक उपचार कराया। स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, पी सी हुई उर्फ भाई दा, कुमार राजेश, इंद्रमोहन सिंह, नवीन रजक, सुरेश सिंह, गौरव, अतुल, असीम बनर्जी, मनीष सिन्हा, प्रिय रंजन सिंह, तेजु सिंह, देवनन्दन सिंह, सत्यदेव सिंह सहित कई नागरिक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण ने किया पौधरोपण

खबर मन्त्र सवाददाता



**कुमारधुबी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण ,भारत के द्वारा बीसीसीएल के साथ पर्यावरण संगरक्षक के उद्देश्य से लायकडीह नया प्राथमिक विद्यालय तांतिकनाली विद्यालय प्रागण में वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता व जिला अध्यक्ष अरूप मुखर्जी के अगुवाई में बीसीसीएल ,चांच पोटारी सीवी एरिया 12 के प्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने लायकडीह नया प्राथमिक विद्यालय तांतिकनाली में पर्यावरण संगरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के छात्रों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य तथा छात्रों के बीच फलदार एवं छायादार वृक्षों का वितरण करके किया गया। संगठन के सदस्यों के द्वारा महा प्रबंधक को बुके एवं वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वही सुधाकर प्रसाद ने कहा कि यह जो पौधा विद्यालय में लगाया जा रहा है इनका देख रेख विद्यालय के कमिटी करेंगे तथा बच्चों को वितरण किए गए वृक्षों का देख रेख अपने दायित्व के साथ करें ,बच्चों को पर्यावरण से संबंधित बहुत सारी जानकारी श्री प्रसाद के द्वारा दी गई। राष्ट्रीय मानवाधिकार में भ्रष्टाचार निवारण भारत के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मंडल ने बताया कि हम लोगों के द्वारा इस वर्ष 10000 से अधिक वृक्षारोपण का कार्य किया जाना है अभी तक लगभग 1200 पौधा लगाया गया है एवं यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।वही श्री राजेश गुप्ता के द्वारा बताया गया है कि पर्यावरण दूषित हो गया है और और पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए पौधों को लगाना बहुत जरूरी है हमारे वायुमंडल मैं गर्मी का प्रकोप इस बार बहुत अधिक देखने को मिला है ,यही सब बातों को देखते हुए हमारे संगठन यह संकल्प किए हैं कि इस वर्ष हम लोग अधिक से अधिक पौधों को लगाएंगे एवं पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में हरिराम यादव ,तपेश्वर चौहान, निरंजन चटर्जी, अरूप मुखर्जी , बहुत सारे संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने किया पौधरोपण

### वृक्ष से हमारा जीवन और पर्यावरण स्वस्थ रहता है : अनुपमा

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद ।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने भूली के विभिन्न क्षेत्र में 100 फल वृक्ष लगाने का शुभारंभ किया। जिसकी शुरूआत कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के द्वारा किया गया। प्रदेश महामंत्री गंगा वाल्मीकि द्वारा अनुपमा सिंह को एक पौधा भेंट किया। अनुपमा सिंह ने कहा कि हम सभी लोगों को वृक्षारोपण करना चाहिए हमें अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और सभी लोग भी इस में शामिल होकर वृक्ष लगाने का कम करें इससे हमारा जीवन और पर्यावरण स्वस्थ बना रहेगा । प्रदेश महामंत्री गंगा वाल्मीकि ने कहा कि हमारे संस्था प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में वृक्षारोपण करती है क्योंकि एक पेड़ लगाने से आशंका जीव जंतुओं को जीवन जीने का उधर मिलता है और इसका अपार पुण्य भी सजदा से प्राप्त होता है। जिस तरह प्रतिवर्ष गर्मी बढ़ती जा रही है यह हमारे लिए प्रकृति की चेतावनी है लाखों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं वृक्षों को घर स्कूल सड़क किनारे लगाने का काम कर रहे हैं। मौके पर समाजसेवी अरुण कुमार मंडल, अजीत कुमार राणा, चंद्रिका चौहान, दशरथ ठाकुर ,आजाद रंजन, देवाराम ,गणेश लाल आदि शामिल थे।

